आइआइएम में हिंदी पखवाड़ा का समापन

रांची. आइआइएम रांची में चल रहे हिंदी पखवाड़ा का समापन शुक्रवार को हुआ. निदेशक शैलेंद्र सिंह ने हिंदी के महत्व और इसके ज्यादा से ज्यादा प्रयोग पर जोर दिया. विशिष्ट अतिथि रांची विवि के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय ने विद्यार्थियों को राष्ट्रभाषा हिंदी को वैश्विक मंच तक साथ लेकर चलने की बात कही. हिंदी पखवाड़ा के तहत हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा की गयी. भाषण प्रतियोगिता के शिक्षक वर्ग में अजय कुमार प्रथम, अविनाश आनंद द्वितीय और शैताब सिन्हा तृतीय रहे. विद्यार्थी वर्ग में अंकित सिंह, सिद्धांत रिचार्या व अरसीन कौर विजेता रही. वहीं कविता पाठ के शिक्षक वर्ग में सतीश कुमार, अविनाश आनंद, नवल कुमार सिंह विजेता बने. विद्यार्थी वर्ग में दीपक कुमार, आकाश दीप और अंकित सिंह विजेता चुने गये.

Prabhat Khabar, Pg.10. 25.09.2021